जाली टर्मिनेशन बाउचरों का जारी किया जाना

1341. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री 10 नवम्बर, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 689 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 17 अक्तूबर, 1986 के 'नवभारत टाइम्स' में इस आशय का एक विज्ञापन प्रकाशित हुआ था कि दून गैस सर्विस, देहरादून, उत्तर प्रदेश द्वारा दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र के गैस डीलरों को जारी किये गये 75 जाली टर्मिनेशन बाउचरों से संबद्ध जाली कागजात बरामद किये गये हैं और उन के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गैस के 40 सिलिन्डर बरामद किये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) 17 अक्तूबर, 1986 के 'नवभारत टाइम्स' में यह समाचार छपा था । दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने इस मामले को रजिस्टर कर लिया है और उसकी जांच कर रही है ।

सीतापुर रेलवे लाइन के निकट गोदाम का संनिर्माण

1342. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जनवरी, 1987 को इंडियन आयल लखनऊ के अधिकारियों ने अपने डीलर से पूर्वोत्तर रेलवे की सीतापुर बढवल (उत्तर प्रदेश) की मीटर गेज वाली पटरी से 100 गज की दूरी के भीतर अत्यधिक ज्वलनशील तथा विस्फोटक ईंधन गैस को रखने के लिये गोदाम बनवा लिया है ;

(ख) क्या विस्फोटक तथा अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों को रखने के लिये गोदाम बनाने हेतु रेल की पटरी से दूरी की कोई सीमा निर्धारित की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) गैस सिलिंडर नियम, 1981 के अनुसार, एल०पी०जी० सिलिंडर के भंडारण के लिये प्रयोग किये जाने वाले भंडारण शैड तथा किसी बिल्डिंग, सार्वजनिक क्षेत्र, सड़क या आसपास की संपत्ति के बीच हर समय निम्नलिखित क्लियर दूरी रखना आवश्यक होता है:—

सिलिंडरों में कम्प्रैसड गैस की मात्रा		14.2 किलो के सिलिंडरों में (संख्या)	खाली रखी जाने वाली न्यूनतम दूरी (मीटर)
0	100	7	—
101	1000	70	3
1001	4000	281	5
4001	8000	563	7
8001	12000	845	9
12001	30000	2112	12
30000 से अधिक			15